हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024


12 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर चाक-चौबंद रहेगी...


13 वोट बनवाएं, वोट डालें और अच्छे नेता को चुनें: डीसी


## समारोह में सांसद फहराएंगे तिरंगा

### भीम स्टेडियम में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी


सांसद धर्मबीर


घनश्याम सर्राफ

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भीम स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में भिवानी.महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। नगराधीश हरबीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### 10 बजे होगा ध्वजारोहण

जिला स्तरीय समारोह में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा सुबह 10 बजे ध्वजारोहरण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन के माध्यम से नागरिकों को संदेश भी दिया जाएगा। समारोह के दौरान देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों या उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**विधायक घनश्याम सर्राफ होंगे मुख्यातिथिः** समारोह में बवानीखेड़ा से विधायक बिसम्बर वाल्मीकी, लोहारू में दादरी से विधायक सोमबीर सांगवान,सिवानी में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ तथा बवानीखेड़ा में जिला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक मुख्य अतिथि होंगी।

## पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में न हो किसी प्रकार की देरी : एडीसी

**भिवानी।** अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग रूल 17 की विभिन्न विभागों व गैर सरकारी सदस्यों के साथ त्रिमासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एडीसी अंजलि ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जातिजनजाति से संबंधित व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचार के मामले में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए तथा पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में किसी प्रकार की देरी न हो। एसडीसी अंजलि ने कमेटी सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर अत्याचार चिंता का विषय होते हैं। सभी नागरिक समाज का अभिन्न अंग हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए व समाज में समानता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिन क्षेत्रों में ऐसी वारदाते ज्यादा होती हैं, उन्हें चिन्हित कर व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक करें।

## विभाग की लापरवाही लोगों पर पड़ी भारी सभी काम अटके

- एक सप्ताह से तहसील कार्यालय की बिजली ठप्प, लोग परेशान
- डोमिसाइल, इनकम सर्टिफिकेट, जाति प्रमाणपत्र, रजिस्ट्री, विभिन्न हलफ नामे सहित विभिन्न दस्तावेज नहीं बन पा रहे



**बवानीखेड़ा।** तहसील कार्यालय में पिछले सप्ताह से बिजली कनेक्शन न होने से तहसीलवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह बने हैं की तहसील कार्यालय में अपने डोमिसाइल, इनकम सर्टिफिकेट, जाति प्रमाणपत्र, रजिस्ट्री, विभिन्न हलफ नामे सहित विभिन्न दस्तावेज बनवाने के लिए लोग एक सप्ताह से दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं, परंतु तहसील प्रशासन ने सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था की। यहां तक की तहसील प्रशासन ने अपने खराब पड़े जरनेटरों को भी चालू नहीं किया। अब तहसील प्रशासन सोमवार तक बिजली कनेक्शन लेने की बात कह रहा है। उल्लेखनीय है कि तहसील कार्यालय पर बिजली निगम की करीब 28 लाख रुपये की राशि की देनदारी थी। तहसील कार्यालय द्वारा अदायगी न किए जाने से बिजली निगम ने सप्ताह पहले तहसील कार्यालय का कनेक्शन काट दिया। बिना बिजली के कार्यालय के सभी कंप्यूटर ठप्प पड़े हैं और बिना कंप्यूटर के ऑपरेटर व बाबू लोग के लिए लोगों के कामों का निपटान करना भी चुनौती बना हुआ है। जरूरी दस्तावेज के लिए ऑपरेटर अपने व्यक्तिगत स्तर पर लोगों के दस्तावेज पूरा करने के प्रयास करते नजर आए हैं।






## खबर संक्षेप



लोहारू। लोहारू एसबी डिपो में धरना देते हुए सांझा मोर्चा के सदस्य।

### परिचालकों को ड्यूटी पर न लेने पर जताया विरोध

**लोहारू।** बीते दिवस साझा मोर्चा के आह्वान पर पूरे प्रदेश मे रोडवेज की एक दिन की राज्यव्यापी हड़ताल के बाद रोडवेज में एचकेआरएन के तहत लगे परिचालकों को ड्यूटी पर नहीं लिया गया। जिसके विरोध मे गुरुवार से लोहारू रोडवेज परिसर में आंनिश्चितकलिन धारना शुरु कर दिया है। धरने की अध्यक्षता सुरेन्द्र श्योराण व मनोज श्योरान ने की। जबकि संचालन रमेश लम्बा ने किया।

### अवार्ड विजेता पूर्व सैनिकों को प्रशासन ने किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले जिला के प्रशासनिक व राजस्व अधिकारियों ने शहीद वीरांगनाओं और पुरस्कार विजेता पूर्व सैनिकों को उनके घर पर जाकर सम्मानित किया। जिले के सभी संबंधित गांवों में जाकर युद्ध वीरांगनाओं और पुरस्कार विजेता पूर्व सैनिकों को शौल भेंट की।

### पटवारी एवं कानूनगों एसो. की हड़ताल 31 तक बढ़ी

**चरखी दादरी।** दादरी के लघु सचिवालय परिसर में गत 3 जनवरी से लगातार राजस्व पटवारी एवं कानूनगो का वेतन विसंगती को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन वीरवार 23वें दिन भी जारी रहा। बता दें कि सरकार के सकारात्मक संज्ञान न लिए जाने पर राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर धरने को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है।

### बालिका दिवस पर महिलाओं को किया जागरुक

**भिवानी।** महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस जागरूकता अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला हरियावास ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिलाओं को विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमे बेटियों पर बेटो जैसा गर्व होना चाहिए।आज के युग में बेटियां बेटो से कम नहीं हैं।बेटियां हमारे समाज और राष्ट्र की धरोहर हैं हम सभी ने बेटियों को उच्च शिक्षा दिलवानी चाहिए।



भिवानी। जिप चेयरपर्सन अनिता मलिक को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

### मंदिरों से जिंदा हैं धर्म, संस्कार एवं संस्कृतिः मलिक

**तोशाम।** गांव छपार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचकर जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि धर्म एवं संस्कार भारत में सदैव जीवित रहेंगे, क्योंकि यहां मंदिर और धर्म की धरोहरें हैं। मंदिर में परमात्मा के दर्शन से शांति और एकात्म मन का आभास होता है, यदि संस्कारों और संस्कृति को बचाया जाएगा तो देश बचा रहेगा, इसके लिए मंदिरों की सुरक्षा और मंदिरों का निर्माण आवश्यक है।

## पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाओं में चलाया जांच अभियान

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

- शहर के चौक चौराहे व मुख्य मार्गों पर तैनात रहेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी हैं। शहर के चौक चौराहों व मुख्य मार्गों पर पुलिस की कड़ी निगरानी एवं तैनाती रहेगी तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक न हो इसलिए पुलिस की टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, रेस्टोरेंट व धर्मशालाओं में जांच अभियान चलाया और वहां पर रूकने वालों लोगों के सामान की तलाशी ली तथा उनकी जानकारी जुटाई।

उल्लेखनीय हैं कि भीम खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होना हैं। इसको लेकर शहर के चौक चौराहों को तिरंगें रंग में रंगा गया हैं।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी डॉ. वरूण सिंगला ने सभी डीएसपी, थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए है कि संदिग्ध व्यक्तियों की पूरी जानकारी व गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए, ताकि समारोह को लेकर किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो सके। वहीं बाहरी नंबरों की गाड़ियों व वाहनों की तलाशी भी ली गई। वहीं रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस व आरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर यात्रियों के सामान की चेकिंग की।

पुलिस ने शहर के चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बढ़ा दी है। इसके साथ ही पुलिस टीमों ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रही संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम व डॉयल 112 दें, ताकि मामले को सुलझा जा सके।






भिवानी। होटल व धर्मशाला में ठहरने वाले लोगों से पूछताछ व तलाशी लेते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। सांसद धर्मबीर सिंह के पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## भूपेंद्र हुड्डा, कृषि मंत्री, रामबिलास शर्मा ने दी सांसद के पिता भलेराम को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- सांसद के पिता भल्लेराम सरल हृदय के व्यक्ति थे : शर्मा

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के 94 वर्षीय पिता भल्लेराम के निधन पर कृषि मंत्री जेपी दलाल एपूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डाए पूर्व शिक्षा मंत्री राम विलास शर्मा सहित अनेक नेताओं व संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित। सांसद के पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कृषि मंत्री जेपी दलाल व पूर्व शिक्षा मंत्री राम विलास शर्मा ने कहा कि सांसद के पिता भल्लेराम सरल हृदय के व्यक्ति थे। कहा कि मां बाप व्यक्ति के लिए एक बड़ी छांव होती है और संतान माता पिता के पुण्य आंचल में बड़े होते हैं, कहा कि इंसान कोई भी हो उनके जीवन में माता-पिता की कमी अवश्य खलती है ,क्योंकि जब तक माता-पिता का आशीर्वाद व्यक्ति के जीवन में बना रहता है, तब तक व्यक्ति निश्चिंत जीवन जीता है । माता और पिता का बीच से चले जाना व्यक्ति के लिए बड़ा दुखदाई होता है। उन्होंने कहा कि सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के पिता स्व भलेराम जी का सादा जीवन रहा है । जिनका स्वभाव उनकी संतान में भी देखने को मिलता है। उनका मानना था कि जन सेवा के माध्यम से ही हम समाज के लिए सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उनके दिखाए मार्ग के अनुसार पिछले लंबे समय से सांसद धर्मबीर सिंह कार्य करते हुए आम जन हित में लगातार कार्यरत हैं।

## मोदी की सोच, हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का मिले लाभः रामबिलास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पीएम मोदी के गारंटी वाले रथों ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए देशवासियों में नया जज्बा पैदा किया है। मोदी का सपना है कि अमृत काल के आगामी 25 वर्षोर् में भारत दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनकर उभरे। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सतत प्रयास है कि हर पात्र को उनके गांव या वार्ड में ही योजनाओं का लाभ मिले। पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग के पात्र नागरिकों की जरूरत को पूरा करने का संकल्प लिया हुआ है और उनके संकल्प को मोदी के गारंटी वाले रथ गांव.गांव जाकर पूरा कर रहे हैं। इससे देश व प्रदेश में उत्साह और प्रेरणा का एक नया माहौल बना है। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने में युवा वर्ग की महती भूमिका होगी। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी और अगली युवा पीढ़ी को अपना कौशल को निखार कर विकसित भारत के निर्माण में संकल्प के साथ जुटना होगा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पीएम्-उज्जवला योजना से देशभर की करोड़ों माताओं.बहनों के आंखों से निकलने वाले आंसुओं को पोंछने का काम मोदी ने किया है। जिन पात्र माताओं व बहनों को रसोई गैस नहीं मिला है, उन सभी को गांव-गांव जाकर रसोई गैस दिए जा रहे हैं।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा सरकार में बिना किसी सिफारिश और बिना किसी भ्रष्टाचार के हो रहे आमजन के सभी काम

- भाजपा नेता व समाजसेवी अनिल शर्मा ने गांव बापोड़ा में आयोजित प्रदेश स्तरीय 16वे पं. लख्मीचंद जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

गांव बापोड़ा के गोगा धाम गुरु गोरखनाथ आश्रम में आयोजित प्रदेश स्तरीय 16वे सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद जयंती समारोह में समाजसेवी एवं भाजपा नेता अनिल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।इस दौरान ग्रामीणों ने अनिल शर्मा का फूल.मालाओं सहित पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान अनिल शर्मा ने अपने निजी कोष से समारोह आयोजक समिति को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि दान की तथा इस मौके पर आयोजित भंडारे में 11 हजार रुपए की सहयोग राशि दान की। वहीं सॉन्ग पार्टी को 5100 की राशि दान की। इस दौरान अनिल शर्मा ने कबड्डी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक लेकर लौटे गांव बापोड़ा निवासी सचिन शर्मा को 11 हजार रुपए की राशि इनाम स्वरूप दी इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चमत्कारिक नेता हैं और उनके नेतृत्व में भारत देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश नई ऊंचाइयां छू रहा है प्रधानमंत्री ने अनेक वर्षोर् से देश के सामने खड़ी समस्याओं से निजात दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है कश्मीर में धारा 370 हो या राम मंदिर का निर्माण हो इसी तरह के अनेक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखाए हैं। अनिल शर्मा का कहना था कि युवा पीढ़ी को केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राज्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली ईमानदार सरकार का लाभ उठाना चाहिए। क्योंकि इस सरकार में बिना किसी रिश्वत तथा बिना किसी भ्रष्टाचार व बिना किसी सिफारिश के आमजन के काम बनते हैं, भाजपा सरकार में सही व काबिलियत के दम पर प्रत्येक कार्य संभव है।



तोशाम। बापोड़ा में सांग का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आदर्श ब्राह्मण सभा ने ईमानदार अधिकारी को किया सम्मानित



भिवानी। अधिकारी को सम्मानित करते हुए।

- एसडीएम दीपक बाबूलाल ने लाईसेंस संबंधी भ्रष्टाचार पर लगाई लगामः आरके शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एक अधिकारी की अहम भूमिका होती है। अधिकारी यदि पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करता है तो आमजन को सरकारी सुविधाएं मिलने में आने वाली परेशानियां काफी हद तक कम हो जाती है।

यह बात आदर्श ब्राह्मण सभा के संस्थापक आरके शर्मा ने वीरवार को भिवानी के एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा को सम्मानित करते कही। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील शर्मा ने की। शर्मा ने कहा कि भिवानी के एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा ईमानदार छवि के अधिकारी है, जिन्होंने बीते 6 माह के दौरान ही एसडीएम कार्यालय संबंधी 1200 से अधिक केस निपटाकर एक इतिहास रचने का काम किया है।

यही नहीं ड्राईविंग लाईसेंस के मामले में भी होने वाली धांधली व भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से लगाम लगाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि पिछले 6 माह के दौरान एक भी लाईसेंस बिना टैस्ट दिए नहीं बनाए जिसके चलते पहले जहां हजारों लाईसेंस एक माह में भिवानी में बनते थे,वही अब 50 से 60 लाईसेंस ही बन पाते है।

## भाजप प्रदेशाध्यक्ष के जन्मदिन पर रोपे पौधे

- प्रत्येक जन को बनानी होगी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को अपनी आदतः चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जन्मदिन बहुत ही खुशी का मौका होता है, लेकिन ये खुशी उस समय और अधिक बढ़ जाती है, जब हम अपने या किसी अन्य के जन्मदिन या अन्य खुशी के अवसर को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ देते है। इसी कड़ी में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा वीरवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी का जन्मदिन पौधरोपण करके मनाया तथा युवाओं को अपने जन्मदिन या किसी अन्य अवसर पर फिजूलखर्ची करने की बजाय पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने का संदेश दिया। इस दौरान जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर में श्रीराम वाटिका में तीन पौधें लगाए।

पौधरोपण कार्यक्रम में बालयोगी महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन पर्यावरण का संतुलन निरंतर बिगड़ता जा रहा है, जिसके चलते रोजाना नई बीमारियां जन्म ले रही है तथा इन सबका मुख्य कारण वृक्षों की अंधाधुध कटाई है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं के लिए काफी प्रेरणादायी साबित होते है।



भिवानी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के जन्मदिन पर पौधरोपण करते महंत चरणदास महाराज व अन्य।

## धीरज सिंह के दादा की रस्म पगड़ी पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**भिवानी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वीरवार को कांग्रेस नेता धीरज सिंह के दादा ठा. रामकुमार सिंह की रस्म पगड़ी में शामिल होकर शोक संतप्त परिवार को ढ़ांढ़स बंधाया। वे वीरवार को ढ़ाणा नरसान बाईपास स्थित धीरज सिंह के फॉर्म हाऊस पर पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक इंसान की पहचान उसके कर्म से होती है। यदि व्यक्ति अपने जीवनकाल में अच्छे कर्म करता है तो वह हमेशा लोगों के मन में जिंदा रहते है। स्व. ठा. रामकुमार सिंह ऐसे ही व्यक्तित्व के थे जिन्होंने हमेशा सामाजकि कायारे् में बढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि ठा. रामकुमार सिंह शालीन स्वभाव व सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे तथा अक्सर सामाजिक कार्यों में लगे रहते थे।



भिवानी। कांग्रेस नेता धीरज सिंह के दादा ठा. रामकुमार सिंह की रस्म पगड़ी में शामिल होते पूर्व सीएम भूपेद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि




बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोल मॉडल कार्यक्रम के आयोजन में रोल मॉडल को सम्मानित करते हुए प्राचार्या संतोष भाकर। फोटो : हरिभूमि

## रोल मॉडल को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

- सीए यामिनी ने उपस्थित जनों को सिखाए सफलता के राज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोल मॉडल कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में बवानी खेड़ा निवासी चार्टर्ड अकाऊंटेंट यामिनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से मीना, आंगनवाडी वर्कर कौशल्या ने शिरकत की। मंच संचालन प्रवक्ता नवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम पर विशेष निगरानी उप.प्राचार्य सत्यवान की रही। मुख्यातिथि के रूप में बवानी खेड़ा निवासी चार्टर्ड अकाऊंटेंट यामिनी ने विद्यार्थियों को अपने बारे में बताया कि उन्होंने गुरूजनों के दिखाए रास्ते व माता.पिता द्वारा दी गई संघर्षशीलता को नहीं छोड़ा और 10.12 घंटे तक पढ़ाई करते हुए इस परीक्षा को पास करके इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि जीवन में कभी भी किसी भी परीक्षा से हार नहीं माननी चाहिए। यामिनी के पिता समाजसेवी एवं शिक्षक पंकज शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी ने किसी भी परीक्षा में असफलता हासिल नहीं की हमेशा सफलता का स्वाद चखा और आज इस मुकाम पर पहुंचकर गुरूजनोंए परिजनों व कस्बावासियों का नाम रोशन किया।

## देश का भविष्य युवाओं के हाथों में सुरक्षित : घनश्याम सर्राफ

# युवाओं की बदौलत देश विकसित यात्रा की तरफ अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि युवाओं की बेहतरीन विचारधारा की बदौलत भारत विकसित यात्रा की तरफ अग्रसर हुआ है। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। लोकतंत्र की मजबूती लिए वोट बनवाना तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। लोकतांत्रिक समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है। जो भी युवा 18 साल की आयु पूरी कर चुके है वे अपना वोट बनवाए और मतदान में वोट का प्रयोग करें। वे शुक्रवार को वैश्य महाविद्यालय में भारतीय युवा मोर्चा के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभी नवमतदाताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात भी सुनी। डॉ. कामना कौशिक राष्ट्रीय सेवा योजना के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी समय.समय पर मन की बात के माध्यम से विद्यार्थियों व युवाओं से बात करते है। उनके समक्ष आने वाले समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा करते है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने मतदाता के अधिकार व कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिस युवा की आयु 18 साल पूरी हो चुकी है,उन युवाओं को वोट बनवाने के प्रति प्रेरित किया। वोट देने की क्षमता न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर प्रोफेसर रतन सिंह, ललित शर्मा, भूपेंद्र सिंह भुप्पी, मोक्ष कक्कड़, कमल भारद्वाज, पारस डालमिया, दिनेश जांगड़ा आदि मौजूद थे।





भिवानी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नवमतदाताओं के बीच विधायक घनश्याम सर्राफ तथा बवानीखेड़ा में मतदाता दिवस पर शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

कस्बा बवानी खेड़ा के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुपरवाइजर आनंद शर्मा ने बूथ नम्बर 61 से 74 के सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। सुपरवाइजर आनन्द शर्मा ने इस बैठक में उपस्थित सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक की परंपराओं को बनाए रखने के साथ.साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, भाषा या समुदाय के किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय महिला महाविद्यालय, बवानी खेड़ा में मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

### 8 से 10 फरवरी को महेन्द्रगढ़ में लगेगा राज्य स्तरीय पशु मेला

**चरखी दादरी।** महेन्द्रगढ़ में आगामी 8 से 10 फरवरी तक आयोजित की जा रही प्रदेश स्तरीय पशुधन विकास प्रदर्शनी में किसानों सहित को लाने के लिए पर्याप्त संख्या में बसों का प्रबंध किया गया है। मेले में आने वाले पशुओं को लाने व ले जाने, किसानों के ठहरने व भोजन सहित पशुओं के चारे व ठहरने की व्यवस्था भी होगी। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. जसवंत जून ने बताया कि पशुधन मेला में सरकारी विभाग प्रदर्शनी लगाकर मेले में आने वाले किसानों को योजनाओं की जानकारी देंगे तथा खाद, बीज, पशु चारा इत्यादि से संबंधित निजी कम्पनियां भी स्टाल लगाएंगी।



## महाविद्यालयों व विद्यालयों से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता अभियान में हिस्सा लिया

# वोट बनवाएं, वोट डालें और अच्छे नेता को चुनें: डीसी

### मतदान दिवस पर जिला स्तरीय मतदाता जागरूक अभियान का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। एकत्रित छात्राओं को संबोधित करते उपायुक्त।

जिला स्तरीय 14 वे मतदाता दिवस पर आदर्श महिला महाविद्यालय में विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुक अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त, भिवानी नरेश नरवाल, सिटी मजिस्ट्रेट, भिवानी हरबीर सिंह ने शिरकत की। जिला उपायुक्त नरेश नरवाल ने विद्यार्थियों को वोट की महत्वता के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओं के बीच मतदान एक पर्व की तरह होना चाहिए। हमें ऐसा नही सोचना चाहिए कि मेरे एक मत से क्या होगा अपितु इसका महत्व जानकर मतदान में बढ़कर भागीदारी स्थापित करनी चाहिए। उन्होनें यह भी कहा कि युवाओ को लोकतत्रं के प्रति अपने दायित्व को अवश्य निभाना चाहिए। महाविद्यालयों व विद्यालयों को हिदायत दी कि वह मतदाता दिवस पर वाद.विवाद प्रतियोगिता अवश्य करवाऐं ताकि युवाओं को वोट की महत्वता का पता चला। उन्होनें महाविद्यालयों को सशक्त एलुमुनाई बनाने के लिए कहा ताकि रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध हो सके।

### लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने में अपने मताधिकार का प्रयोग करें: सीजेएम

*भिवानी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्धन को सुदृढ़ करने की शपथ ली। कार्यक्रम में डीएलएसए का स्टाफ , पैनल एडवोकेट और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक परम्परा की मर्यादा को बनाए रखन, स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधी शपथ ली जाएगी। सीजेएम कपिल राठी ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें और लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।*

### एसडीएम ने अपने कार्यालय में दिलाई मतदान करने की शपथ

**भिवानी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वीरवार को एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में स्टाफ सदस्यों व अन्य नागरिकों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। एसडीएम श्री करवा ने कहा कि प्रजातंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। हमें अपना मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। संविधान ने हमें समान रूप से वोट का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का हर संभव प्रयास होता है कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। इसके लिए जिले भर में स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समय अनुसार चुनाव की तैयारियां शुरु हो जाती है और पूरे पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाया जाता है।

## मतदान कर जागरूक नागरिक बनें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिला के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं और चुनाव के दौरान वोट डालकर जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाएं। जागरूक मतदाता पूरे देश की दिया और दशा बदलने में सक्षम हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्त्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्त्रिया में मतदाता ही आधार है। ऐसे में 18 वर्ष से या इससे अधिक आयु के सभी लोगों को अपना वोट बनवाना चाहिए और प्रत्येक मतदान में वोट डालकर देश का जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बिना किसी भेदभाव एवं पक्षपात के वोट डाले और एक ऐसे व्यक्ति का चुनाव करें जो आपके क्षेत्र का विकास करके उसको आगे बढ़ा सके। विकास की सोच के काम करने वाले व्यक्ति को चुनेंगे तो नागरिकों के लिए अच्छी योजनाएं बन सकेंगी और देश का विकास हो सकेगा। कार्यक्रम सहित सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में धर्म, जाति, लोभ, भय से मुक्त मतदान करने का संकल्प लिया गया। उपायुक्त ने बताया कि आज सरकारी विभागों में अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलवाई। जिला के विभिन्न स्कूल में भी शपथ ली गई है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 25 जनवरी, 1950 में चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। देश में वर्ष 2011 से इस दिन को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

■ राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहारू में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू


लोहारू। लोहारू के कन्या महाविद्यालय में शपथ ग्रहण करते हुए छात्राएं।

राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहारू में गुरुवार को डॉ विचित्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम पर महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. विचित्र सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग है, जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। सभी को वोट डालने का अधिकार है ।मतदान हमें लोकतांत्रिक प्रक्त्रिया में भाग लेने के लिए अवसर प्रदान करता है ।मतदान उन मौलिक अधिकारों में से एक है जो हमारा देश हमें प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं को कहा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश के विकास में योगदान दें । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में मेरा वोट मेरा अधिकार् विषय पर निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में दिलाई मतदाता शपथ

*भिवानी। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा उनके कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं को मतदान करने बारे जागरूकता किया और सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार द्वारा युवाओं को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखने व मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।*

### मॉडल संस्कृति स्कूल में मतदान जागरूकता रैली


**भिवानी।** भिवानी के मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में में प्राचार्य सविता घणघस के निर्देशानुसार घर.घर मतदान जरूरी है अभियान के तहत रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया गया स जागरूकता अभियान रैली का शुभारंभ प्राचार्य सविता घणघस द्वारा किया गया जागरूकता अभियान के तहत रैली शहर के विभिन्न चौक से होते हुए व मुख्य बाजार से होते हुए निकाली गई। प्रवक्ता अनिल अरोड़ा द्वारा विद्यार्थियों को वोट के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई। वोटर्स डे रैली की सफलता के लिए प्रवक्ता अनिल अरोड़ा, एनएसएस अधिकारी आनंद कुमार, राकेश, विनय, मनोज कुमार, आशुतोष, हेमंत, बबीता,अशोक कुमार, बीएलओ राजेश आदि ने योगदान दिया।




### युवाओं को अपना वोट बनवाना चाहिए : यादव

**भिवानी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं एवं शिक्षकों ने मत बनवाने के लिए संकल्प लिया और युवाओं से अपील की की युवाओं को अपनी आयु पूरी होने पर अपना वोट बनवाना चाहिए,क्योंकि एक एक वोट से हम एक अच्छे योग्य उमीदवार और एक अच्छी सरकार को बनाने में अपना बड़ा योगदान दे सकते हैं। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव एवं में कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने युवाओं से अपील की है कि हमें राष्ट्र के विकास एवं सम्मान को लेकर अपना मत पहचान पत्र जरूर बनवाना चाहिए, क्योंकि हम अपने वोट की ताकत से एक अच्छे व्यक्ति और एक अच्छी सरकार को बना सकते हैं । हमारे वोट में वह ताकत है जिससे हम राष्ट्र को सही दिशा में ले जा सकते हैं और युवाओं को आगे आना चाहिए।






**सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्रदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



हरिभूमि में समय-समय पर विज्ञापन के रूप में प्यार देने के लिए विज्ञापनदाताओं का तहदिल से आभार।

दीपक कुमार डुमड़ा, हरिभूमि प्रतिनिधि, बवानी खेड़ा। मो. 9315441412

# गणतंत्र दिवस विशेषांक - बवानी खेड़ा











